an>

Title: Need to provide employment opportunities to local people in mining jobs in Bhilwara Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री सुभाÂा चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा (राजस्थान) में लौह अयस्क एवं जस्ता अयस्क के प्रचुर भण्डार हैं। देश के दो बड़े कॉरपोरेट घराने वहां पर खनन कार्य कर रहे हैं परन्तु उन खदानों में कार्य करने के लिए स्थानीय लोगों की अनदेखी की जा रही है तथा बाहर के व्यक्तियों को रोजगार दिया जा रहा है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड जो एक सरकारी उपक्रम है, को भी लौह अयस्क खान का आबंटन हो गया है तथा वह भी खनन कार्य शुरु करने वाला है।

अत: सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह स्टील ऑफ अथॉरिटी लिमिटेड एवं उपरोक्त दोनों कॉरपोरेट घरानों को निर्देशित करे कि वह ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को रोजगार दे।